# अपनी बात

अंक : 468, वर्ष 37

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, 01 जुलाई, 2013

## कायाकल्प और उड़ान पत्रिका का विमोचन

कोयला सचिव श्री एस.के. श्रीवास्तव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने सीसीएल के 'कोयला कक्ष' में आयोजित समीक्षा बैठक में सी.सी.एल. के कार्य निष्पादन की समीक्षा की। बैठक के पहले श्री श्रीवास्तव ने मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर देश की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करनेवाले कोयला कर्मियों को श्रद्धांजलि दी, साथ ही उन्हें सी.आइ.एस.एफ. के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। बैठक में सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री टी के नाग, निदेशक (कार्मिक) श्री आर आर मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्रीमती विस्मिता तेज, सभी क्षेत्रों के मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक सहित मुख्यालय के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

श्री श्रीवास्तव ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में सी.सी.एल. के कोयला उत्पादन, प्रेषण लक्ष्य, कोयला स्टॉक, भूमि की उपलब्धता, वाशरियों के कार्य निष्पादन, मशीनों की उपयोगिता, ओवर बर्डेन निकासी, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्य (सी.एस.आर.) तथा अन्य बिंदुओं और इसकी प्राप्ति के लिए बनाई गयी कार्य–योजना की समीक्षा की और वर्तमान वित्तीय वर्ष (2013–14) के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सीसीएल के सभी वाशरियों की आधुनिकीकरण के साथ–साथ नई वाशरियों के निर्माण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सी.सी.एल. टीम को दृढ़ संकल्प और समर्पित होकर उत्पादन एवं प्रेषण के लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर श्री श्रीवास्तव ने सीसीएल द्वारा जारी तिमाही सी.एस.आर. समाचार दर्शन पत्रिका 'कायाकल्प' तथा कौशल विकास कार्यक्रम (कायाकल्प योजना के अन्तर्गत) 'उड़ान' योजना का विमोचन किया । उन्होंने इस अवसर पर कायाकल्प योजना पर बने विकास मॉडल बोर्ड का अनावरण भी किया।



कायाकल्प और उडान पत्रिका के विमोचन के दौरान कोयला सचिव श्री एस. के. श्रीवास्तव, सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशकद्वय एवं सीवीओ

समीक्षा बैठक में सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह ने पावर पोईंट के माध्यम से सीसीएल के कार्यक्षेत्र, कोयला उत्पादन, प्रेषण, प्रथम तिमाही के निष्पादन की स्थिति आदि के विषय में विस्तार से बताया।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

ग्रामीणों के बीच रक्तहीनता के संबंध में जागरूकता लाने पर विशेष बल देते हुए अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के माहवारी स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम के अन्तर्गत सीसीएल द्वारा गोद लिए हुए सेमर टोली गांव में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सक दल की डा. मंजू मिश्रा, डा. हेमन्त केरकेट्टा एवं डा. अनिता कुमारी ने चिकित्सा शिविर में आये 131 ग्रामीण बुजुर्ग, बच्चे, महिलाओं एवं पुरूषों के स्वास्थ्य की जांच की एवं उन्हें निःशुल्क दवाइयों के साथ चिकित्सीय सलाह भी दी। शिविर में आये अधिकतर ग्रामीण गेस्ट्रोइनटाइटिस, सर्दी–खांसी, बुखार एवं मलेरिया से पीड़ित पाये गये। इसके साथ ही शिविर में आये 68 ग्रामीणों का हीमोग्लोबिन जांच किया गया जिसमें से 35 रक्तहीनता से पीड़ित पाये गये। उन्हें उचित चिकित्सीय सलाह एवं दवाइयां दी गई।

मौके पर आये हुए कुछ रोगियों ने सीसीएल द्वारा चलाये जा रहे सी.एस.आर. कार्यक्रमों की प्रशंसा की। 22 वर्षीय, सर्दी एवं खांसी से पीड़ित, आभा उरांव, जो कांके ब्लाक स्थित नयागाँव से अपने डेढ़ वर्षीय बच्चे के साथ शिविर में आयी थीं, ने कहा कि जैसे ही उसने सुना कि सीसीएल के चिकित्सक ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच के लिए सेमर टोली आ रहे हैं वह तुरंत चिकित्सा के लिए अपने बच्चों को साथ लेकर शिविर में आ गई जहां उसे तथा उसके बच्चों का चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क इलाज किया गया एवं दवाइयाँ भी दी गई। वह प्रथम बार शिविर में आई थी।




चिकित्सकगण ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें सलाह देते हुए

मारवाड़ी कॉलेज, रांची की स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा सदिया खातून ने इस निःशुल्क शिविर के लिए सीसीएल प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए कहा कि शिविर के चिकित्सकों ने उनकी जांच की एवं दवाइयां भी दी।

श्रीमती लखी मनी देवी, जो अपने तीन बच्चों के इलाज के लिए शिविर में आई थी, ने कहा कि वे काफी गरीब परिवार से आते हैं तथा मजदूरी कर अपना जीवन–यापन करते हैं। उनके पास सरकारी अस्पताल तक जाने के लिए रिक्शा भाड़ा भी नहीं था, ऐसे समय में सीसीएल के चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों से अवश्य लाभ मिलेगा। लखी मनी देवी ने कहा कि सीसीएल वास्तव में गरीब परिवारों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर रही है।

## न्यूरोलॉजी सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिक का उद्घाटन

कम्पनी के सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिक सेवा के तहत अपने कर्मियों एवं सीसीएल कमांड क्षेत्र के आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कम्पनी प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में श्री एस के श्रीवास्तव ने एम्स के न्यूरोलॉजी के प्रोफेसर. डा. कामेश्वर प्रसाद की उपस्थिति में केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर के न्यूरोलॉजी सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशक (तक./संचालन) श्री टी के नाग, निदेशक(कार्मिक) श्री आर आर मिश्र, डा. वी के शर्मा, चिकित्सा प्रमुख एवं मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, चिकित्सक तथा अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

अपने संबोधन में श्री श्रीवास्तव ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में सीसीएल द्वारा की जा रही सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिक न्यूरो एक अच्छी पहल है और इसका लाभ निश्चय ही कर्मियों के साथ–साथ अन्य भी उठा सकेंगे। मौके पर ही डा. प्रसाद ने न्यूरो संबंधित बीमारी से ग्रसित 12 मरीजों की जांच की एवं उन्हें आवश्यक चिकित्सीय सलाह दी।

श्री गोपाल सिंह ने सचिव महोदय को सीसीएल द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में कम्पनी द्वारा किए जा रहे गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी और साथ ही बताया कि केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में सुपर स्पेशि. लिटी क्लीनिक (हृदय) सफलतापूर्वक चल रहा है और इसका लाभ सभी लोग उठा रहे हैं। सीसीएल स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। डा. वी के शर्मा, सी.एम.एस. (इंचार्ज) के नेतृत्व में तथा चिकित्सा विभाग के डा. (श्रीमती) ज्योत्सना आर्या, डा. बी एम के सिन्हा, डा. ए के वर्मा, डा. आर आर सिन्हा तथा पूरी टीम के सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कोयला सचिव ने सीसीएल, जवाहरनगर कॉलोनी स्थित इको पार्क का शिलान्यास भी किया तथा रोपे गये औषधीय पौधों का निरीक्षण किया। औषधीय पौधों के अलावा इस पार्क में चारों ओर घूमने की सुविधा, केकटस वॉक, ग्रीन लॉन, योग एवं ध्यान के लिए छोटे–छोटे स्थल, प्राकृतिक फ्लोरा एण्ड फौना, वर्षा जल संरक्षण, मछली तालाब एवं झरना आदि की व्यवस्था की जानी है।

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निवेदिता बनर्जी, वरीय अधिकारी (रा.भा.), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)